सार-समाचार

छापेमारी में महक व सरस ब्रांड के घी के पैकेट मिले, जांच के लिए भेजे

अलवर। आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग ने सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने एक गोदाम पर छापेमारी कर करीब 60 किलो संदिग्ध घी जब्त किया। कार्रवाई के दौरान गोदाम में महक और सरस ब्रांड के घी के पैकेट मिले। टीम ने घी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी विश्व बंधु गुप्ता ने बताया कि जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गोदाम पर छापेमारी की गई। मौके पर मिले करीब 60 किलो घी को जब्त किया गया है। साथ ही घी के नमूने लिए गए हैं, जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर घी की गुणवत्ता और शुद्धता के संबंध में स्थिति स्पष्ट होगा। उन्होंने बताया कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जहां भी मिलावट की आशंका मिलेगी, वहां जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पंचायतराज चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां जोरो पर

निवाई। पंचायतराज चुनाव 2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में बुधवार को सुबह 10 बजे जाट धर्मशाला में प्रधान कार्यालय का समारोह पूर्वक उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान विशाल नामांकन रैली निकाली जाएगी। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में उत्साह बना हुआ है। भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा एवं शहर महामंत्री जयनारायण कुमावत ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान, जिला प्रभारी रामानंद गुर्जर, चुनाव प्रभारी नीरज शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, चुनाव संयोजक शंकर पडियार एवं सह-संयोजक नारायण यादव सहित कई अतिथि शामिल होंगे। इस दौरान शहर अध्यक्ष नितिन छाबड़ा, नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, अरणिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार दोहण सहित कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं पार्टी के प्रत्याशी भाग लेंगे।

सरपंच व वार्ड पंच पदों के लिए मतदान 5 को

सवाई माधोपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के तहत मंगलवार को सवाई माधोपुर की चार पंचायत समिति क्षेत्रों में जिला परिषद् के 16 वार्डों एवं पंचायत समितियों के कुल 82 वार्डो के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि तृतीय चरण से संबंधित इन चारों पंचायत समिति क्षेत्रों में बुधवार 4 नवम्बर को ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। अगले दिन गुरूवार को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। मतदान के पश्चात संबंधित ठाम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी तथा शुक्रवार 6 नवम्बर को उपसरपंच पद के लिए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी।

ताला में साजिदा बानो का 15 सूत्रीय विकास संकल्प जारी

मनोहरपुर। ग्राम पंचायत ताला से सरपंच पद की उम्मीदवार साजिदा बानो ने अपना 15 सूत्रीय विकास संकल्प पत्र जारी कर दिया है। पोस्टर में उनका नारा है – ''आपका साथ, हमारा विकास'' और ''हमारा संकल्प – विकसित ताला, खुशहाल ताला'' साजिदा बानो ने कहा कि ''ग्राम पंचायत ताला के समस्त ग्रामवासियों का विश्वास और सहयोग हमारी ताकत है। हम मिलकर एक बेहतर, स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित ताला का निर्माण करेंगे। गांव की सभी मुख्य सड़कों व गलियों की सड़कें बनवाने व मरम्मत कराने का प्रयास किया जायेगा।

पंचायत समिति सदस्य के लिए 41 प्रत्याशियों ने आवेदन किए

निवाई। पंचायतराज चुनाव 2026 को लेकर मंगलवार को पंचायत समिति सदस्य के लिए 33 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए है। रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह ने बताया कि पंचायतराज चुनाव को लेकर पंचायत समिति सदस्य के लिए भाजपा, कांठोस, आरएलपी व निर्दलीय कुल 41 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन दाखिल करने की अन्तिम तिथि 4 नवम्बर को 3 बजे तक है। 5 नवम्बर को फार्मो की संवीक्षा होगी। 6 नवम्बर को तीन बजे तक नाम वापसी की जा सकेगी। रिटर्निंग ऑफिसर सिंह ने बताया कि नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद चुनाव चिन्ह का आवन्टन करके अंतिम सूची जारी की जाएगी। शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव कराने के लिए व्यापक तैयारियां की गई है।

मंगलवार को फार्म खरीदने व जमा करवाने के लिए प्रत्याशियों व उनके समर्थकों के एसडीएम कार्यालय पहुंचने से मेले जैसा माहोल नजर आया। नामांकन दाखिल की अन्तिम तिथि पर बुधवार को भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एसडीएम कार्यालय परिसर से 100 मीटर की दूरी पर बेरिकेडस लगाए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुबह से ही भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहेगा।

दीपावली पर मानदेय का इंतजार

अलवर। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के उद्देश्य से शुरू की गई विद्या संबल योजना के तहत नियुक्त गेस्ट फैकल्टी शिक्षक इन दिनों खुद आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं। करीब डेढ़ माह पहले नियुक्ति मिलने के बाद से शिक्षक लगातार स्कूलों में बच्चों को पढ़ा रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। दीपावली का त्योहार नजदीक होने के कारण शिक्षकों की उम्मीदें बकाया मानदेय पर टिकी हुई हैं। विडंबना यह है कि शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की नियुक्ति कर उनसे शिक्षण कार्य तो शुरू करवा दिया, लेकिन उनके मानदेय भुगतान की व्यवस्था अब तक सुचारू नहीं हो पाई है।

टोंक : स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाई



चतुर्भुज तालाब पर विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

- हाथों में स्लोगन की तख्तियां लेकर स्वच्छता का संदेश दिया

टोंक। शहर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के चतुर्भुज तालाब को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से पिछले 45 दिनों से शहर के समाजसेवी प्रतिदिन श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। इसी अभियान से प्रेरित होकर मदरलैंड चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने चतुर्भुज तालाब की पाल पर मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने हाथों में तालाब को स्वच्छ रखने से संबंधित विभिन्न स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर स्वच्छता के नारे लगाए तथा आमजन से तालाब में कचरा नहीं डालने और इसकी स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस दौरान बच्चों के इस अनूठे प्रयास को देखकर तालाब पर प्रतिदिन घूमने आने वाले नागरिकों एवं वहां से गुजरने वाले राहगीरों ने उनकी खूब सराहना की।

लोगों ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दिया गया यह संदेश समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराने वाला है। इस अवसर पर समाजसेवी दुर्गेश गुप्ता एवं विजेंद्र कुमावत ने विद्यार्थियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए मदरलैंड स्कूल के संस्थापक कमलेश सिंगोदिया का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों में छोटी उम्र से ही स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना बहुत जरूरी है। ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती है।

सांभर दरबार स्कूल के बच्चे ऐतिहासिक स्थल देख अभिभूत

सांभरझील। स्थानीय पीएमश्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने दो दिवसीय उदयपुर शैक्षिणक भ्रमण के दौरान उदयपुर के ऐतिहासिक स्थलों के इतिहास को जाना साथ ही भारतीय प्रबंधन संस्थान, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जगदीश मंदिर, पिछोला झील, फ़तहसागर, स्वरूपसागर झील, सिटी पैलेस कभी भ्रमण कर आनंदित हुए।

झीलों की नगरी उदयपुर के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों तथा के वहां के प्रमुख दर्शनीय स्थलों की जानकारी जुटाई। इसके अलावा नाथद्वारा के स्टैच्यू ऑफ़ बीलीफ, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को समझा। शैक्षिणक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न संस्थानों की कार्यप्रणाली, कृषि एवं तकनीकी नवाचारों, ऐतिहासिक धरोहरों, स्थापत्य कला और राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। इस मौके पर दिनेश यादव, संजय स्वरूप वर्मा, सुरेंद्र चौधरी, वीना वर्मा, भगवान सहाय बाज्या, कृष्णा कुमावत सहित अन्य शिक्षकों की मौजूदगी विद्यार्थियों के साथ रही। इस प्रकार के शैक्षिणक भ्रमण विद्यार्थियों से वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध प्रवृत्ति, नवाचार, व्यावहारिक ज्ञान एवं सांस्कृतिक समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सार-समाचार

निर्वाचन अधिकारी ने संवेदनशील मतदान केंद्रों का जायजा लिया

भरतपुर। पंचायत आम चुनाव के तहत पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी एवं जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीणा ने मंगलवार को जिले के बयाना, वैर एवं नदबई विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा मतदान कार्मिकों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के व्यवस्थित प्रवेश एवं मतदान की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने तथा वैध पहचान दस्तावेजों की जांच के बाद ही मतदाताओं को प्रवेश देने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्रित नहीं होने देने के लिए भी निर्देशित किया।

बोनस की मांग, श्रमिकों का हल्लाबोल

अलवर। दीपावली बोनस की मांग को लेकर अलवर स्थित हैवल्स कंपनी के कर्मचारियों ने कंपनी के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। बोनस नहीं मिलने से नाराज बड़ी संख्या में श्रमिक कंपनी के बाहर एकत्रित हुए और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि दीपावली का त्योहार नजदीक है, ऐसे में कंपनी प्रबंधन की ओर से उन्हें बोनस दिया जाना चाहिए। त्योहार के अवसर पर बोनस नहीं मिलने से कर्मचारियों में नाराजगी है। इसी मांग को लेकर श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और गेट के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान कंपनी के बाहर बड़ी संख्या में कर्मचारियों की भीड़ जुट गई। श्रमिक लगातार नारेबाजी करते हुए बोनस देने की मांग उठा रहे थे। उनका कहना है कि त्योहार के समय बोनस कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण होता है और प्रबंधन को उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।इधर, प्रदर्शन की सूचना मिलने पर उद्योग नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी शुरू की फिलहाल कंपनी के गेट पर श्रमिकों का विरोध प्रदर्शन जारी है। अब सभी की निगाहें कंपनी प्रबंधन के रुख पर टिकी हैं कि कर्मचारियों की बोनस संबंधी मांग पर क्या निर्णय लिया जाता है।

अलवर में दीपोत्सव 6 व 7 को

अलवर। अलवर में पहली बार दीपोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। 6 और 7 नवंबर को होने वाले इस दो दिवसीय आयोजन में शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को रोशनी से सजाया जाएगा। कंपनी बाग में 11 हजार दीपक जलाए जाएंगे, वहीं होप सर्कस पर लेजर लाइट शो और 1100 दीपकों से महाआरती का आयोजन होगा। इसके साथ ही अलवर टाइगर मैराथन 2027 के प्री-कर्सर इवेंट के तहत बॉलीवुड अभिनेता एवं मैराथन के ब्रांड एंबेसडर रणदीप हुड्डा भी अलवर पहुंचेंगे। इस संबंध में टाइगर मैराथन ट्रस्ट एवं संयुक्त व्यापार महासंघ की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। नगर निगम महापौर सुमन लता अठावाल ने कहा कि अलवर शहर में पहली बार आयोजित होने जा रहा दीपोत्सव एक अभिनव और अनूठा प्रयोग है, जो ऐतिहासिक साबित होगा। इस आयोजन से शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी।

डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद ने नाथावत का सेवानिवृत्ति पर सम्मान किया

- नाथावत ने विद्यालय के भवन निर्माण, क्रमोन्नत करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



प्रधानाध्यापक एवं समाजसेवी मोती सिंह नाथावत के सेवानिवृत्ति समारोह में हजारों ग्रामीणों ने पहुंचकर उनका सम्मान किया।

जयपुर। प्रेमपुरा स्थित राजकीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समाजसेवी मोती सिंह नाथावत के सेवानिवृत्ति समारोह में हजारों ग्रामीणों ने पहुंचकर उनका सम्मान किया। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सांवली पहुंचकर उन्हें सफल सेवाकाल की बधाई दी व स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं दीं। प्रेमपुरा, सांवली सहित आसपास के गांवों के लोगों के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी उनके योगदान को सराहा। नाथावत ने अपने सेवाकाल में विद्यालय के भवन एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ उसे प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक क्रमोन्नत करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे राजपूत सभा, शिक्षक संघ, रेडक्रॉस, रोटरी क्लब और लायंस क्लब के माध्यम से भी समाजसेवा से जुड़े रहे।

106 वर्षीय प्रेम देवी व 103 वर्षीय कजोड़ी लाल ने किया मतदान

- शतायु उम्र के पड़ाव पर भी कजोड़ीलाल पूरे उत्साह के साथ वोट डालने पहुंचे। इस उम्र में उनकी लोकतंत्र के प्रति निष्ठा देखकर कर्मचारा अभिभूत हो गए
- बुजुर्ग मतदाताओं ने पेश की मिसाल

भुसावार/भरतपुर, (निसं)। भरतपुर जिले के भुसावर पंचायत समिति के निठार गांव में 106 वर्षीय मतदाता प्रेम देवी जांगिड़ ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। ग्राम पंचायत घाटरी में लोकतंत्र की एक प्रेरणादायी तस्वीर सामने आई। मनसापुरा निवासी 103 वर्षीय पूर्व चेयरमैन कजोड़ी लाल ने मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शतायु उम्र के पड़ाव पर भी कजोड़ीलाल पूरे उत्साह के साथ वोट डालने पहुंचे। इस उम्र में उनकी लोकतंत्र के प्रति निष्ठा और जज्बे को देखकर मतदान केंद्र पर मौजूद कर्मचारी और ग्रामीण भी अभिभूत हो गए।

मतदान करने के बाद पूर्व चेयरमैन कजोड़ी लाल ने क्षेत्रवासियों और खासकर नई पीढ़ी के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान हमारा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अधिकार और कर्तव्य है, इसलिए हर नागरिक को घर से निकलकर वोट जरूर डालना चाहिए। उनका यह जज्बा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। मतदान करने के बाद पूर्व चेयरमैन कजोड़ी लाल ने क्षेत्रवासियों और खासकर नई पीढ़ी के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान हमारा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अधिकार और कर्तव्य है।

रिश्वत के मामले में तत्काकालीन थानाधिकारी को सजा

अलवर। भ्रष्टाचार के मामले में एसीबी कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए नारायणपुर थाने के तत्कालीन थानाधिकारी जितेन्द्र कुमार और उसके कथित दलाल बलवीर सिंह यादव को चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। एसीबी कोर्ट की मजिस्ट्रेट अनु चौधरी ने मामले की सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। मामला वर्ष 2020 का है। परिवादी कृष्ण कुमार ने एसीबी में शिकायत दी थी कि उसके भांजे संदीप की शादी सोनाली गंगावत से हुई थी। सोनाली के पिता की ओर से उसे भगाकर ले जाने की शिकायत किए जाने पर नारायणपुर थाना पुलिस संदीप और सोनाली को थाने लेकर आई थी। परिवादी के अनुसार, 8 जनवरी 2020 को वह नारायणपुर थाने पहुंचा और तत्कालीन थानाधिकारी जितेन्द्र कुमार से मुलाकात की। इस दौरान थानाधिकारी ने संदीप को जेल भेजने की धमकी दी। परिवादी ने दोनों के विवाह से संबंधित दस्तावेज दिखाकर अपना पक्ष रखने का प्रयास किया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि संदीप और सोनाली के पक्ष में कार्रवाई करने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के बदले थानाधिकारी जितेन्द्र कुमार ने अपने कथित दलाल बलवीर सिंह यादव के माध्यम से एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी। परिवादी को रिश्वत की राशि बलवीर यादव को देने के लिए कहा गया था। इस मामले में एसीबी की जांच के बाद न्यायालय में सुनवाई चली। अदालत ने तत्कालीन थानाधिकारी जितेन्द्र कुमार और बलवीर सिंह यादव को दोषी मानते हुए चार-चार साल के कारावास की सजा सुनाई।

नम्बर मिलाइए
8890333139
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

गांवों में इस बार दोहरी दीपावली

खैरथल। तिजारा जिले में इस बार गांवों में दीपावली का उत्साह कुछ अलग ही रंग लेकर आया है। एक ओर कार्तिक अमावस्या पर प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में घर-घर घी और तेल के दीये जलेंगे, वहीं दूसरी ओर पंचायती राज चुनाव के परिणाम गांवों में अपनी नई सरकार बनने का जश्न भी लेकर आएंगे। इस बार ग्रामीण अंचल में दीपावली के साथ लोकतंत्र का उत्सव भी मनाया जाएगा। इसलिए गांवों की यह दीपावली दोहरी खुशियों वाली होने जा रही है। मान्यता है कि 14 वर्ष का वनवास पूरा कर जब प्रभु श्रीराम कार्तिक मास की अमावस्या को अयोध्या लौटे थे, तब अयोध्यावासियों ने घी के दीये जलाकर पूरी नगरी को रोशन कर दिया था।

अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बना वही पर्व आज दीपावली के रूप में मनाया जाता है। इस बार गांवों में भी कुछ ऐसा ही उल्लास दिखाई दे रहा है। फर्क इतना है कि इस बार त्योहार की रोशनी के साथ गांव की चौपालों पर लोकतंत्र की नई उम्मीद भी जगमगा रही है। दीपावली से ठीक पहले हो रहे पंचायती राज चुनाव ने गांवों के उत्सव को नया रंग दे दिया है। घरों में दीपक जलेंगे तो चुनावी नतीजों के बाद जीतने वाले पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के समर्थक भी जश्न मनाएंगे।

राजगढ़ में एसपी के सम्मान में पुलिस की टुकड़ी का गार्ड ऑफ़ ऑनर



जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने राजगढ़ पुलिस थाना परिसर में जनसुनवाई की।

- शांति सौहार्द के साथ दिवाली पर्व मनाने की अपील

राजगढ़। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने मंगलवार को सायं पुलिस थाना परिसर में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने दीपावली पर्व के मध्य शांति सौहार्द के साथ भाईचारे से पर्व मनाने की अपील की।

उन्होंने थाना परिसर में उपस्थित महिला शक्ति की भारी उपस्थिति को सजगता का परिचायक बताया। उन्होंने महिलाओं से झूठे मुकदमों से दूर रहने का आव्हान किया। इस दौरान एस पी के सम्मान में पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ़ ऑनर पेश किया। जनसुनवाई में राजेंद्र जैन ने जैन मंदिर में चोरी का खुलासा नहीं होने, कमलेश मीणा ने ढिगावड़ा स्कूल में चोरी का खुलासा नहीं होने एवं अशोक बजाज ने नशे के बढ़ते कारोबार एवं लिप्त हो रहे युवा की चिंता जताते यातायात पुलिस की जरूरत बताई। जिला पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित महिला पुरुषों को सभी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने उपस्थित महिला पुरुषों से बच्चों में बढ़ती मोबाइल उपयोग की प्रवृत्ति को कैसे नियंत्रित किया जाए, यह सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। फोर व्हीलर ड्राइव करते समय सीट बेल्ट लगाने, दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, साइबर क्राइम से बचाव के बारे में अनेक उपयोगी जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक का प्रमुख लोगों ने माल्यार्पण भी किया।

नाम परिवर्तन

इस्लामुद्दीन पुत्र यासीन खान, निवासी वार्ड नं. 9, तहसील शाहपुरा, मनोहरपुर, जयपुर, राजस्थान -303104, एतद् द्वारा सूचित करता हूँ कि मैने अपना नाम परिवर्तित कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेरे नए नाम इस्लामुद्दीन लुहार पुत्र यासीन के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

मैं, कुमार उद्दीप्तो पुत्र श्री कल्याण कुमार दास, निवासी ए-401, मेवाड़ अपार्टमेंट, हल्दीघाटी मार्ग, प्रतापनगर, जयपुर हाल निवासी 9/3 ग्लेन स्ट्रीट, पडिंगटन, सिडनी, एन. एस. डबल्यू. 2021, ने अपना नाम बदलकर लूसियन किरॉन कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

I Kavita Tomar W/o Abhishek Singh R/o G-2 Plot No. 80-81 Lane No. 4 Khushi vihar Patrakar colony Mansarovar Jaipur have changed my Daughter's name from Maanvika to Maanvika Singh for all purposes

खोया पाया

उमेश सिंह निवासी J-497, आजाद नगर, राकड़ी, सोडाला, जयपुर के मकान के कागजात गुम हो गए हैं। मिलने पर संपर्क करें-9785591558

मेरे (चांदनी वाधवानी) मकान16/15, अलकनन्दा अपार्टमेन्ट, हाउसिगं बोर्ड स्कीम के, प्रताप नगर, जयपुर का अलाटमेन्ट लेटर, पजेशन लेटर (Lokendera Kumar Sethi) के नाम से जारी कहीं खो गया हैं कृपया मिलने पर सम्पर्क करें- 9649482180

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फलैट नम्बर आई-408, चतुर्थ तल, रंगोली गार्डनस खसरा नम्बर 234/2, 234/308/2 एव 236, कनकपुरा, जयपुर का रजिस्र्टड विकय पत्र दिनांक 29 सितम्बर 2014 जो श्रीमती कमला गोठवाल पत्नि श्री हीरा लाल गोठवाल के नाम था है वो खो गयी है वो खो गया है जिसकी रिपोर्ट एल आर नम्बर / 2026 दर्ज करा दी गई है। उक्त सम्पति के सम्बंध मे श्रीमती इन्दुबाला धर्मपत्नी श्री सुरेश चौधरी ने खरीदने के सम्बंध मे एक रजिस्टर्ड विक्रय इकरारनाम दिनांक 12.10.2026 को किया है। श्रीमती इन्दुबाला धर्मपत्नी श्री सुरेश चौधरी ने पैस बैंक मे लोन हेतु आवेदन किया है यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपति हो तो प्रकाशन तिथी से 7 दिवस मे सम्पर्क करे।

श्रीमती कमला गोठवाल पत्नि श्री हीरा लाल गोठवाल विक्रेता
श्रीमती इन्दुबाला धर्मपत्नी श्री सुरेश चौधरी केता
Dated 26.10.2026 (R.K. Jain) Advocate

कार्यालय उपायुक्त मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर

क्रमांक:-एफ ()/न.नि.ज/ मा.न.जोन/2026/3747 दिनांक-2/11/2026

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा भूखण्ड संख्या-130, रामनगर-एफ, स्वेजफार्म, जयपुर, अपोलो नगर गृह निर्माण सहकारी समिति, जयपुर का पट्टा विलेख जिसका कुल क्षेत्रफल 205.00 वर्गगज का श्री देवी सिंह नरूका पुत्र श्री भूरसिंह नरूका के नाम से दिनांक 23.11.2002 को जारी किया गया है। मूल पट्टेधारी श्री देवी सिंह नरूका पुत्र श्री भूरसिंह नरूका का स्वर्गवास दिनांक 04.04.2024 एवं इनकी पत्नी श्रीमती कृष्णा कुमारी का स्वर्गवास दिनांक 29.09.2020 को हो चुका है। मूल पट्टेधारी श्री देवी सिंह नरूका पुत्र श्री भूरसिंह नरूका एवं इनकी पत्नी के स्वर्गवास पश्चात शेष वारिसान सुधा चांपावत पत्नी श्री कुलदीप सिंह एवं श्रीमती संजीता सिंह नेगी पत्नी श्री जीवन सिंह नेगी (पुत्रीयों) के द्वारा रजिस्टर्ड गिफ्ट डीड दिनांक 11.03.2025 के द्वारा अपना-अपना हक अपने भ्राता श्री दिग्विजय सिंह नरूका पुत्र श्री देवी सिंह नरूका के हक में निष्पादित किया गया। आवेदक श्री दिग्विजय सिंह नरूका पुत्र श्री देवी सिंह नरूका के द्वारा दिनांक 11.03.2025 को निष्पादित रजिस्टर्ड उपहार पत्र के आधार पर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय (उपायुक्त, मालवीय नगर जोन नगर निगम) में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त
मालवीय नगर जोन, नगर निगम जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा द्वारा)

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम व स्थान** : Provision of Exhaust air arrangement for Lavatories of LHB/EOG Coaches at Carriage workshop, NWR, Jodhpur. (24 Months) **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 4088023.68 (रू चालीस लाख अठासी हजार तेईस और अड़सठ पैसे मात्र) **3. बयाना राशि जो जमा करनी है** : रू. 81800.00 (रूपये इक्यासी हजार आठ सौ मात्र) **4. ई-निविदा जमा करने की अन्तिम दिनांक व समय** : 26.11.2026 को 15.00 बजे तक **तथा ई-निविदा खोलने की दिनांक व समय** : 26.11.2026 को 15.00 बजे के बाद **5. वेबसाईट विवरण जहां से ई-निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है** : www.ireps.gov.in **6. कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी** : मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर-342001 राजस्थान

1588-DE/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना

राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना-पत्र

न्यायालयः किराया अधिकरण क्रम-1 जयपुर महानगर (प्रथम) (राज.)

बाबूलाल शर्मा विरुद्ध सुधीर कुमार दीवान

अर्जी संख्या.../201

नाम सुधीर कुमार दीवान पुत्र श्री नरेन्द्र नाथ दीवान जाति... पता मकान नम्बर बी 98/3, राजापार्क आदर्श नगर जयपुर (राज.)

प्रार्थी ने आपके विरुद्ध किराये के पुनरीक्षण/बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 5 माह 11 सन् 2026 को बजे 10.30 ए.एम. बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसको सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सरिवान् प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। पेशी दिनांक 5/11/26

आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति मे है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दखिल/मुजराई को दावा का प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति मे न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप मे निर्भर करते हो, आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के मय उपाबद्ध की जाने वाली सूची मे प्रविष्ट करें।

आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो अपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते है तथा उन दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवार वर्णन शपथ पत्र मे किया जावे। साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय मे प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावे।

आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रवास मे न्यायालय मे अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी।

आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय मे प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री...... को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करा दें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति मे किया जाएगा।

नोटिस आज दिनांक 30/10/26 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

मोहर अदालत

पीठासीन अधिकारी, किराया अधिकरण सं.1
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1
जयपुर महानगर प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 774/2026

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि कविता नरूका, निवासी 135 पटवार भवन के पास, देवलीयाकलां, अजमेर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास फोकस भारत फाउण्डेशन ट्रस्ट, बी 307, यूडीबी इको होम, ढोलाई, मानसरोवर, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 03.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 07.01.2027

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक:- 4504 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:- 28/10/26

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 34/527 (HIG), (एरिया 217.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री यदुवेन्द्र माथुर पुत्र श्री एम.पी. माथुर को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1695 दिनांक 30.09.1996 को जारी किया गया। श्री यदुवेन्द्र माथुर के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 13.06.2006 को उप पंजीयक-द्वितीय, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये।

श्री यदुवेन्द्र माथुर द्वारा उक्त आवास को दिनांक 15.09.2006 के द्वारा श्री रघुवीर नारायण माथुर पुत्र स्व. श्री कृष्णा नारायण माथुर को विक्रय कर उप पंजीयक-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया।

श्री रघुवीर नारायण माथुर द्वारा उक्त आवास को दिनांक 08.06.2016 के द्वारा श्रीमती रितु शर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार शर्मा को विक्रय कर उप पंजीयक-चतुर्थ, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्रीमती रितु शर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती रितु शर्मा पत्नी श्री राजेश कुमार शर्मा का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर